

## विंध्य प्रदेश विलय के विरोध में मौन रखकर मनाया काला दिवस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 नवम्बर, विंध्य पुनरोदय मंच के वैनर तले काला दिवस मनाया गया. आज सारे मप्र में जहां मप्र दिवस मनाया जा रहा था वही उसके विरोध में सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में रीवा में विरोध दिवस विंध्य विलय के विरोध में मनाया गया. तत्तपश्चात जिला कलेक्टर रीवा क्रो राष्ट्रपति को संदर्भित ज्ञापन दिया गया.**

उल्लेखनीय है कि विंध्य प्रदेश को तोड़ कर मध्य प्रदेश का गठन किया गया. समूचे विंध्य में विंध्य प्रदेश गठन की मांग की जा रही है. जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ कई कार्यक्रम किये गये. पूरा प्रदेश जहा स्थापना दिवस मना रहा था. वही रीवा में काला दिवस मनाकर विरोध जताया गया. मंच के संयोजक प्रणवीर सिंह ने विंध्यप्रदेश पुनरोदय मंच के आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की. कई वक्ताओ ने अपने विचार साझा किये. भारी तादात में विंध्य शुभचिंतक उपस्थित रहे. आईएफएस डॉ एसपीएस तिवारी, जयराम शुक्ला, पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी, एसडीओ देवेंद्र सिंह सपाक्स, सदाप्रशन्न व्यास, अनुप सिंह, संजय सिंह, अनुज सिंह, विकास तिवारी रोहित तिवारी, डॉ संतोष सिंह अरुण तिवारी शहडोल, अशोक सिंह शिवमोहन सिंह सत्यनारायण बागरी सम्राट सिंह विष्णु शुक्ला आदि उपस्थित रहे. ज्ञापन पश्चात् जिला कलेक्टर परिसर में विंध्य प्रदेश के विलय के विरोध में दो मिनट का मौन रखा गया.

# मध्यप्रदेश अब तेजी से विकास की राह पर चल रहा प्रदेश है : शुक्ल

## धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस, छात्रो ने दी मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति





नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में कहा कि मध्यप्रदेश अब तेजी से विकास की राह पर चल रहा प्रदेश है. प्रदेश निर्माण का 70वां वर्ष मनाते हुए हम सबको गर्व है. कृषि, उद्योग, अधोसंरचना विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित हर क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है.**

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों गरीबों को लाभान्वित किया जा रहा है. एक समय ऐसा भी था जब प्रदेश में बीमारू राज्य का टैग लगा था. प्रदेश में संसाधन, प्राकृतिक संपदा और परिश्रम करने वाले करोड़ों हाथ हैं. सरकार की सही नीतियों और कार्यक्रमों से अब प्रदेश के विकास को पंख लग गए हैं. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के साथ-साथ विन्ध्य प्रदेश का भी तेजी से विकास हुआ है. यहाँ पहले केवल एक लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा थी. हमने इसे तीन लाख एकड़ तक बढ़ाया है. अगले पाँच सालों में रीवा में नौ लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी. इससे जिले का तेजी से आर्थिक विकास होगा. विन्ध्य के निवासियों का उर्वर मस्तिष्क सकारात्मक दिशा में जब प्रयास कर देता है तो चमत्कार कर देता है. प्रदेश के विकास का हम सिंहावलोकन करते हुए अतीत की गलतियों से सबक लेकर विकास का मार्ग प्रशस्त करें. नई पीढ़ी को नशे की राह से विमुख करना आवश्यक है. नई पीढ़ी यदि नशे की गिरफ्त में चली गई तो विकास के फल का स्वाद नहीं ले पाएगी. रीवा में प्रशासन ने नशे के विरूद्ध सराहनीय अभियान चलाकर 600 से अधिक नशे के सौदागरों को जेल भेजा है.

भारी मात्रा में गांजा, कोरेक्स और अन्य मादक पदार्थ जब्त किया है. समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक डॉ. पंचूलाल प्रजापति, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीआईजी हेमंत चौहान, जिला अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, राजगोपाल मिश्रचारी, राजेन्द्र ताम्रकार, कौशलेश द्विवेदी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे.

### पांच हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण

उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश स्थापना दिवस समारोह के शुभारंभ पर ध्वजारोहण किया. समारोह में सेंट्रल एकेडमी तथा संदीपनि पीके स्कूल के विद्यार्थियों ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए. समारोह में विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश गान की मधुर प्रस्तुति दी. समारोह में उद्योग विभाग से लाभान्वित पाँच हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया. औद्योगिक क्षेत्र घमू में उद्योग की स्थापना के लिए श्रीमती पन्नाबाई प्रजापति, राजकुमार कोरी तथा सुषमा प्रजापति को भूखण्ड आवंटन के आदेश प्रदान किए गए. दीपक कुमार तिवारी और अयाजुद्दीन अंसारी को उद्यम क्रांति योजना से राशि प्रदान की गई. उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया. समारोह में कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, नगर निगम, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा वन विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई.

### केन्द्रीय जेल में 'मध्यप्रदेश स्थापना दिवस' मनाया गया



केन्द्रीय जेल में 'मध्यप्रदेश स्थापना दिवस' के अवसर पर सामूहिक रूप से मध्यप्रदेश गान एवं जेल में परिरुद्ध बंदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कर्मचारियों द्वारा जेल परिसर स्थित गौशाला एवं जेल बगीचा में कार्य करने वाले बंदियों द्वारा आम, नीम, जामुन, आंवला, नीबू, अमरूद के साथ-साथ अन्य फलदार वृक्षों का रोपण किया गया. कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र पमार, डॉ. सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, श्याम सिंह कुशवाह, स्वदीप सिंह, विवेक मौर्य सहित जेल में पदस्थ स्टाफ उपस्थित रहा.

## संक्षिप्त



### नष्ट हुई फसलों का सर्वे कराया जाए : हरिलाल

**रीवा,** मऊगंज जिले में बेमौसम हुई भारी बारिश से किसानो की खरीफ की फसल नष्ट हो गई है. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिलाल कोल ने तत्काल सर्वे कराने की मांग की है. अध्यक्ष हरिलाल कोल ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा है कि बारिश के चलते किसानो की धान सहित अन्य फसल नष्ट हो गईहै. तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा राशि पीड़ित किसानो को दी जाय. अगर सर्वे कराकर मुआवजा राशि नही दी जाती तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने के लिये बाध्य होगी. साथ ही उन्होने कहा कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता पीड़ित किसानो के साथ खड़ा है. बेमौसम हुई बारिश से पूरी तरह हनुमना जिले के किसानो की फसल नष्ट हो गई है. पहले से ही कर्ज में डूबे किसान की कमर टूट गई है. तत्काल सर्वे के साथ मुआवजा राशि दिलाने की मांग कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की.

### पेयजल सप्लाई समय में परिवर्तन

**रीवा,** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वर्तमान पेयजल के समय में बदलाव किया गया है. जल्दी अधेरा होने एवं ठंड की शुरूआत होने के कारण नगर निगम से प्रदाय की जा रही सभी टंकिया से 03 नवंबर सोमवार से पेयजल सप्लाई समय सुबह 6 :30 बजे से एवं सायं 5 :30 बजे से होगी. मौसम में बदलाव के कारण समय बदला गया है.

### सिंधी फिल्म महोत्सव आज से

**रीवा,** सिंधी समाज के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति को समर्पित सिंधु यूथ विंग द्वारा आयोजित द्वितीय सिंधी फिल्म महोत्सव इस वर्ष एक बार फिर शानदार अंदाज में आयोजित किया जा रहा है. यह त्रिदिवसीय आयोजन 02 से 04 नवम्बर तक समदड़िया गोल्ड मल्टीप्लेक्स सिरमौर चौराहा रीवा में संपन्न होगा. संध्या 6 बजे एवं 9 :00 बजे के दो सत्रों में दर्शक तीन भव्य सिंधी नाटकों और शिक्षाप्रद, भावनात्मक और समाज को सकारात्मक दिशा दिखने वाली फिल्मों का आनंद लेंगे जो सिंधियत की आत्मा, परंपरा और आधुनिक संवेदन का अनोखा संगम प्रस्तुत करेंगे. आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सिंधी अस्मिता को नई ऊर्जा देने का प्रयास है.

### औघड़दास आश्रम में तीन दिवसीय शिवार्चन कल से

**रीवा,** औघड़दास आश्रम यज्ञलोक राधिकापुरी पड़रा में विश्वकल्याणार्थ तीन दिवसीय



शिवार्चन और प्रवचन एक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया है जिसमें तीन दिनों तक शिव की पूजा की जाएगी. इसमें रुद्राभिषेक, हवन और मंत्र जाप शामिल होते हैं, जिनका उद्देश्य शिव को प्रसन्न करना और भक्तों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लाना है महर्षि औघड़दास बाबा सेवा फाउंडेशन पडरा रीवा के अध्यक्ष गजेंद्र दुबे ने बताया की विश्वकल्याणार्थ त्रिदिवसीय श्रीशिवार्चनयाग महोत्सव बनारस से पधारे पुरोहितों द्वारा अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा. धार्मिक ग्रंथों में श्लोकों में वर्णित है कि चाहे शिवार्चनयाग हो या चण्डीयाग हो या विष्णुयाग या पितृयाग किसी भी यज्ञ-यागादि के व्दारा ही मनुष्य मात्र का कल्याण सम्भव है, क्योंकि संसार के जितने भी कार्य हैं सभी यज्ञ पर ही आधारित हैं. यज्ञ-यागादि का विधि-विधान पूर्वक अनुष्ठान करने से सभी प्रकार की मनोकामना की पूर्ति होती है. सोमवार 03 नवम्बर 2025 प्रात: 08 बजे से गणेश पूजन, पंचांग पूजन, मण्डप देवता आवाह्न पूजन, अग्नि पूजन, कलश यात्रा तथा श्रीशिवार्चनयाग आरम्भ. 04 नवम्बर को प्रात: 08 बजे से देव पूजन, हवन तथा 05 नवम्बर प्रात: 08 बजे से देव पूजन, हवन, पूर्णाहुति दोपहर 12 :00 भण्डारा होगा.



## पीटीएस रीवा में मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस




नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 नवम्बर, मिशन कर्मयोगी के तहत, पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में 70वें मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.**

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में समस्त पीटीएस के स्टाफ और नव आरक्षकों ने शपथ ग्रहण की और मध्य प्रदेश गान का गायन किया. पुलिस अधीक्षक ने कर्मयोगी बनकर अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर्तव्य करने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया, ताकि प्रदेश और देश में पुलिस की छवि में सुधार हो सके और जनता में पुलिस के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बने. इसके बाद एडीजी प्रशिक्षण राजा बाबू सिंह के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में, 20वीं इंस्ट्रक्टर क्लिनिक वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षकों ने अपना प्रेजेंटेशन दिया और एडीपीओ मनीष पांडे के प्रतिनिधित्व में दस्तावेज संबंधी अपराधों पर चर्चा की गई. साइबर अवेयरनेस हेतु रीवा जिले के 15 स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए साइबर अवेयरनेस क्वीज़ आयोजित किए जाने हेतु संपर्क किया गया और शासकीय पुष्पराज बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में निरीक्षक फग्गन सिंह मरकाम व प्रशिक्षु नव आरक्षकों ने साइबर अवेयरनेस के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी और मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर पौधे सप्रेम भेंट किए.

## देवउठनी एकादशी मनाई गई, आज से शुरू होंगे मांगलिक कार्य



नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 नवम्बर, देवउठनी एकादशी जिले भर में धूमधाम से मनाई गई. शाम को घरो में रंगोली सजाने के साथ आतिशबाजी की गई. आज से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएगें.**

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष एकादशी को देवउठान एकादशी के रूप में मनाया जाता है. मान्यता है कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी से भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और चार माह बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागृत होते हैं. इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है, जिसमें विवाह और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं. देवउठान एकादशी पर श्रीहरि विष्णु के जागृत होने के बाद सभी शुभ कार्यों की पुन: शुरुआत हो जाती है. एकादशी तिथि दो दिन व्याप्त रहने से यह पर्व एक और दो नवंबर दोनों दिन मनाया जाएगा. रीवा में देवउठनी एकादशी शनिवार को ही मनाई गई. हालाकि कुछ लोग रविवार को भी मनाएगे.

आज के बाद सभी तरह के मांगलिक कार्य शुरू हो जाएगें. विंध्य विधान से लोगो ने लक्ष्मी-गणेश की पूजा की और तुलसी विवाह भी सम्पन्न किया.

## वंचित किसानों के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ाई जाए


नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 नवम्बर, भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री से पंजीयन तिथि बढ़ाने की मांग की है.**

धान की फसल गिरदावरी मे मध्यप्रदेश के जिन जिलो मे है सभी जिलो मे समर्थन मूल्य मे धान के समर्थन मूल्य मे किसानो से खरीदी के लिए पंजीयन से वचित किसानो को पंजीयन की बढाई गयी तिथि मे शामिल किया जाय. किसानो की लगातार माग रही है कि सभी किसानो का पजियन नही हो पाया है. इस सम्बन्ध मे जिला प्रशासन मध्यप्रदेश सरकार के माननीय मुख्य जी के नाम माग पत्र भी सौपे गये लेकिन कुछ जिलो मे पजियन की तिथि बढायी गयी बाकी जिलो को वचित कर दिया गया है क्या यह न्याय संगत है ?

प्रत्येक जिलो को भी पंजीयन की तिथि बढाये जाने वाले जिलो मे शामिल किया जाय.

## फसल नुकसान का आकलन करने गांव-गांव जाएगा दल, बारिश से नष्ट हुई फसल



नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 नवम्बर, रीवा जिले में पिछले कई दिनो से हुई झमाझम बारिश से धान सहित खरीफ की अन्य फसले नष्ट हो गई है. बेहद नुकसान किसानो को हुआ है. फसल नुकसान का आकलन किया जायेगा. सर्वे होगा और प्रभावित किसानो को मुआवजा राशि दी जाएगी. कलेक्टर रीवा ने सर्वे के आदेश जारी किये है. गठित टीम गांव-गांव पहुंचकर नुकसान हुई फसल का आकलन करेगी.**

गौरतलब है कि बेमौसम बारिश ने किसानो की मेहनत पर पानी फेर दिया. इस बार जिले भर में धान की अच्छी फसल थी जो बर्बाद हो गई. उड़द, मूंग की भी फसल खराब हुई है. रीवा में बेमौसम हुई बारिश से धान समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है.फसलों में हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए जिला प्रशासन की टीमें किसानों के खेतों पर पहुंचेंगी. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आदेश जारी कर जिले के समस्त तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र में पटवारियों एवं कृषि उद्यानकी की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का संयुक्त दल गठन कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित कृषकों की उपस्थिति में सर्वे कार्य समयावधि में पूर्ण किया जाए. सर्वे के दौरान कलेक्टर द्वारा गठित दल अपने हल्के में जाकर बारिश के कारण धान की फसल में हुई क्षति का आंकलन करेगा और तहसीलदार के माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी. जिले में सबसे ज्यादा धान की खेती की गई थी जो कि पानी में पूरी तरह से बर्बाद हो गई है.

### असमायिक वर्षा से हुई फसल क्षति का सर्वे करें : पाल

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि विगत दिनों हुई असमायिक वर्षा से हुई फसल क्षति का सर्वे करें. उन्होंने राजस्व, कृषि, उद्यानिकी एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावित किसानों की उपस्थिति में फसल क्षति का आकलन समयावधि में किये जाने के निर्देश दिये हैं. किये गये सर्वे की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है.

## सामूहिक विवाह समारोह में 105 युगल विवाह बंधन में बंधे



नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 नवम्बर, मुख्यमंत्री कन्या विवाह तथा निकाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में 105 युगल विवाह बंधन में बंधे. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सामूहिक विवाह समारोह में नवयुगलों को पुष्पवर्षा करके शुभकामनाएं दी.**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देव प्रबोधनी एकादशी के शुभ अवसर पर 105 युगलों का विवाह संपन्न हुआ है. आप सबको देव प्रबोधनी एकादशी और सुखी वैवाहिक जीवन की बधाई है. आज के शुभ दिन एक ही पण्डाल में विवाह और निकाह संपन्न होकर सामाजिक एकता और समरसता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना ने गरीबों के मन से बेटी की शादी की चिंता मिटा दी है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब परिवार की बेटी को कन्यादान योजना से विवाह के सथ 49 हजार रुपए की राशि नई गृहस्थी बसाने के लिए दी जा रही है. घरातियों-बरातियों के स्वागत, बैण्डबाजे, पण्डाल, नाश्ता, भोजन तथा विवाह की अन्य सभी व्यवस्थाएं नि:शुल्क की गई हैं.

उप मुख्यमंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर और तमाम गणमान्य व्यक्ति नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं. आज मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस है. यह आप सबके लिए दोहरी खुशी का अवसर है.

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है. नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि रीवा में चारों ओर विकास होने के साथ-साथ गरीबों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है. आज 105 बेटियों का धूमधाम से विवाह संपन्न हो रहा है. भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने नवयुगलों को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया. समारोह में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा प्रभारी नगर निगम आयुक्त मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय मौजूद रहे.